तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 29 मार्च 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



14 विकास कार्यों और शासकीय कार्यालयों का कलेक्टर ...





14 मर्यादा का का उल्लंघन कभी नहीं करनी चाहिए




## खबर संक्षेप

### विधायक उसेंडी आज करेंगे पानीडोबीर क्षेत्र में जनसंपर्क



**पखांजुर।** अंतागढ़ विधायक एवं भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विक्रम उसेंडी 29 मार्च को पानीडोबीर क्षेत्र में जनसंपर्क करेंगे और आमजनता से मुलाकात करेंगे। सरकार ने इस ईलाके में बीएसएफ कैंप स्थापित करके नियद निल्लार योजना के तहत ऐसे कामों को प्राथमिकता से करवाया है, जिन कार्यो की माँग ग्रामीणों के द्वारा किया गया था। इस क्षेत्र में चल रहे कार्यो के बारे में आमजनता से जानकारी लेंगे। नियद नेल्लार योजना के तहत इस ईलाके में करोड़ो के कार्य किए जा रहा है।

### महुआ शराब जब्त पकड़ाया कोचिया



**कांकेर।** थाना कांकेर अंतगत ईमलीपारा में रेड कार्यवाही करते हुए पुलिस ने शराब कोचिए के कब्जे से तीन लीटर महुआ शराब को जप्त किया। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि आरापी ईमलीपारा निवासी रामकुमार विदानी अपने कब्जे में महुआ शराब रखकर, उसे बेचने के लिए ग्राहक की तालाश में है। जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने ईलाके की घेराबंदी कर छापामार कार्यवाही किया और शराब कोचिए को धर बोचा। आरोपी के कब्जे से 3 लीटर महुआ शराब कीमती 300 रूपएं व नगद 200 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

### युवक ने खाया जहर इलाज से पहले मौत

**कांकेर।** छोटेबेठिया थानांतर्गत माचपल्ली निवासी 30 वर्षीय सनीराम कुमेटी ने जहर खाकर आत्महत्या कर लिया। जानकारी के अनुसार मृतक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया था। ईलाज के लिए सीएचसी पखांजूर लेकर गए। अस्पताल पहुंचने से पहले ही मृतक का 5 जनवरी को दोपहर 2 बजें मौत हो गया। मृतक ने जहर क्यों खाया, यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत दमकसा से भानुप्रतापपुर जाने वाले मार्ग में 18 मार्च को अज्ञात वाहन की टक्कर से कांकेर के भण्डारीपारा निवासी रिषीकेश पटेल घायल हो गया। घायल ने पुलिस को बताया कि हाल में दमकसा में रहता हूं और दमकसा से भानुप्रताापुर की ओर जा रहा था। अज्ञात मोटर सायकल के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मुझे टक्कर मार दिया, जिससे मैं घायल हो गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 281, 125 (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### परीक्षा शुल्क अंतर राशि 5 को लौटाई जाएगी

**कांकेर।** विश्वविद्यालयीन सेमेस्टर परीक्षा जुलाई-दिसम्बर 2024 सत्र 2024-25 के स्नातक व स्नातकोत्तर नियमित एवं स्वाध्यायी परीक्षार्थियों से परीक्षा शुल्क में ली गई अतिरिक्त राशि विश्वविद्यालय से प्राप्त हो चुकि है। परीक्षार्थी अपना आभार कार्ड दिखाकर शुल्क की अंतर की राशि महाविद्यालय के शुल्क विभाग में समय 5 अप्रैल का सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक संबंधित कर्मचारी रमेश कुमार ध्रुव, रोशनी ठाकुर से प्राप्त कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद शुल्क वापस करना सम्भव नही होगा। बचत राशि विश्वविद्यालय को स्वतः वापस कर दिया जाएगा।

---

## कार्रवाई : 100 बाइक चालकों को रोका, 23 पर कार्रवाई, 20 हजार का काटा चालान

# शराब पीकर वाहन चलाने पर छह चालकों पर 67 हजार का जुर्माना, बाइकर्स को भी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- नाबालिग फर्राटे से दौड़ाते हैं दो पहिया वाहन, पुलिस ने सख्ती बरतना किया शुरू

यातायात पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए कार्यवाही शुरू कर दिया है और शराब पीकर वाहन चलाने वाले 6 शराब चालकों के खिलाफ न्यायालय में प्रकरण दर्ज किया था। न्यायाधीश के द्वारा 67 हजार का जुर्माना ठोका गया, इसमें एक चालक पर 17 हजार और शेष 5 पर दस- दस हजार जुर्माना ठोका गया। बाईकर्स को पकड़ने के लिए पुलिस ने गुरूवार की शाम को 4 टीम लगाया गया था। पुलिस की जाँच की खबर मिलते ही बाईकर्स भूमिगत हो गए। जिले में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम कसने गुरूवार 27 मार्च को देर शाम चार प्वांइट पर यातायात की टीम तैनात थी और इस टीम ने 7 बाईकर्स को दबोचा और उनके खिलाफ चालानी कार्यवाही किया गया। उनको हिदायत ▶▶ शेष पेज 12 पर



### शहर में दिखानी होगी सख्ती



*कांकेर शहर में ज्ञानी चौक से लेकर नंदनमारा तक सड़क अच्छी बन जाने के कारण नाबालिक बच्चे एवं युवा दो पहिया वाहनों को बेतरीब ढंग से चलाते है। इन पर अब सख्ती बरतने की जरूरत है। इन पर सख्ती बरती जाएगी, तभी शहर में होने वाली दुर्घटनाओं पर विराम लगाया जा सकता है। चौक पर खड़े रहने वाले यातायात अमले को नियमों की धज्जियां उड़ाने वालो की फोटो खींचे और उन पर कार्यवाही करने के लिए उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजे, तभी सुधार आ पाएगा।*

### एनएचएआई की लापरवाही उजागर

सड़क उन्नीयकरण के बाद टोल टैक्स की लगातार वसूली हो रही है, परंतु संकेतक लगाने का काम टोल टैक्स के बजाए यातायात पुलिस लगाने में डटी है। टोल टैक्स तो लिया जा रहा है, परंतु इस सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को जो सुविधाएं मिलनी चाहिए, वो कांकेर से लेकर धमतरी तक नहीं मिल रही है। एनएचएआई के अंतर्गत आने वाली सड़क की मानीटरिंग करने वाले एनएचएआई के अधिकारी धमतरी में रहते है, जिसके चलते इस सड़क की मानीटरिंग समय समय पर नहीं हो पाने से समुचित जो व्यवस्थाएं होनी चाहिए, वो नहीं हो पा रही है। डिवाईडर पर दुर्घटना के बाद कई माह तक पिलर क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़े रहते है। एनएचएआई के अफसरों की लापरवाही से सुधार नहीं हो पा रहा है।



### यातायात ने दुर्घटना रोकने लगाए संकेतक



यातायात टीम ऑफीसर मेस से चारामा तक रोड में सोलर ब्लीनकर, पेड़ो और डिवाईडर पर रेडियम पट्टी एक सप्ताह से लगा रही है, जिससे राष्ट्रीय राजामार्ग में रात में होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। यातायात की टीम दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जो भी इंतजाम होने चाहिए, उसे करने में लगी हुई है। दो पहिया और चार पहिया चालक स्वंय की लापरवाही के कारण ही दुर्घटना के शिकार हो रहे है। दो पहिया वाहन चालको को हेलमेट लगाने की सैकड़ो बार हिदायत दिया जा चुका है, परंतु दो पहिया वाहन चालक हिदायत को अनसुना करते रहते है। यातायात पुलिस सख्ती बरतती है, तो जनप्रतिनिधियों के चमचे बचाने के लिए सामने आ जाते है, इनको भी सबक सिखाने की जरूरत है।

---

## आटो पलटा, घायल युवक की मौत, चालक के खिलाफ अपराध कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम बोगर पुलिया के पास आटो वाहन के पलट जाने से वाहन में सवार एक गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस 108 की मदद से घायल हो अस्पताल पहुंचाया गया, जहां ईलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे जुनवानी निवासी 23 वर्षीय योगेश कोमरा पिता मोहपाल कोमरा ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी एवं मजदूरी का काम करता हूं। मेरा छोटा भाई चंद्रपाल कोमरा 27 मार्च को चाचा जसवंत कोमरा, भाई लोकेश कोमरा के साथ महिन्द्रा आटो क्रमांक सीजी 19 बीआर 6614 में सवार होकर ग्राम भुरकाभाट बुकिंग में जाने के लिए निकले थे। लगभग 2 बजे मुझे आटो चालक जसवंत कोमरा ने फोन करके बताया कि ग्राम बोगर पुलिया के पास मेरे ऑटो क्रमांक सीजी 19 बीआर 6614 पलट गया है। ऑटो पलटने से चंद्रपाल कोमरा को चोट लगा है, जो घायल है। एम्बुलेंस 108 से सरकारी अस्पताल भानुप्रतापपुर ले गए है। जानकारी मिलते ही मै तत्काल सरकारी अस्पताल भानुप्रतापपुर पहुंचा। अस्पताल पहुंचने पर जानकारी हुआ कि मेरे भाई चंद्रपाल कोमरा का मौत हो चुका है। घटना के बारे में जानकारी लेने पर पता चला कि महिन्द्रा आटो क्रमांक सीजी 19 बीआर 6614 को जसवंत कोमरा चला रहा था और आटो में चंद्रपाल कोमरा बैठा था। दोपहर डेढ़ बजे ग्राम बोगर पुलिया के पास पहुंचे थे तभी वाहन चालक जसवंत कोमरा के द्वारा आटो को तेज गति से लापरवाही एवं उपेक्षापूर्वक चलाकर पुलिया के नीचे पलटा दिया, जिससे चंद्रपाल कोमरा को सिर, नाक, दाहिना कान व चेहरा में चोट लगा। ईलाज के लिए एम्बुलेंस 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भानुप्रतापपुर लाए थे। जहां पर उपचार के दौरान चंद्रपाल कोमरा का मौत हो गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

## प्रधान डीजे ने जेल का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार ध्रुव जिला जेल कांकेर का 28 मार्च को आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदियों की समस्याएं सुनीं और उनकी शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जिन बंदियों के पास अधिवक्ता नहीं था, उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। निरीक्षा के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ▶▶ शेष पेज 12 पर

## भाजपा मंडल की बैठक में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल



भारतीय जनता पार्टी मंडल दुर्गुकोंदल में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात गुरुवार को बैठक हुआ, जिसमें भाजपा समर्थित नव निर्वाचित जनपद सदस्य, सरपंच, उपसरपंच एवं वार्ड पंचो का सम्मान किया गया।

दुर्गूकोंदल मंडल की आयोजित बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा किया गया और उसके उपरांत बैठक में उपस्थित 03 जनपद सदस्य, 26 सरपंच एवं उपस्थित पंचों का सम्मान किया गया। मंडल अध्यक्ष बिदे सिंग ने कहा कि संगठन की गाईड लाईन के आधार पर मंडल को मजबूत करने के लिए सभी को मिलजुलकर काम करना है। सभी नव निर्वाचित जनप्रतिनिधि को अपने क्षेत्र में विकास कार्य को गति प्रदान करने और जमीनी स्तर पर विकास कार्य को जन जन तक पहुँचाने का काम करना है। पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति को मिले, यह सभी पंचायत प्रतिनिधियों को करना है। यह मेरे कार्यभार संभालने की पहली बैठक है और मुझे मंडल के सभी जनप्रतिनिधियों से मिलने का मौका मिला है, यह ▶▶ शेष पेज 12 पर

## धारदार हथियार लेकर दो महिला व युवक को जान से मारने दौड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



- आरोपी के खिलाफ दर्ज हुआ मामला

दुर्गूकोंदल थानांतर्गत ग्राम दोड़दे में ग्रामीण ने दो महिला और एक युवक को जान से मारने की नियत से धारदार चाकू से हमला कर दिया। आरोपी द्वारा किए हमले से दोनो महिला को चोटें आई है। हमले का शिकार हुए युवक ने जैसे तैसे अपनी जान बचाई और थाना में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया।

दुर्गूकोंदल थाना में शिकायत करने पहुंचे दोड़दे निवासी 35 वर्षीय सुरेन्द्र कुमार नेताम पिता रजनाथ नेताम ने पुलिस को बताया कि 27 मार्च को अपने घर में सोया हुआ था। दोपहर करीबन साढ़े 3 बजे बचाव बचाव और रोने की आवाज को सुनकर मैं घर से बाहर निकला। उसी समय मेरी मां असरो बाई नेताम घर से रोड के पास निकली। मैं आवाज को सुनकर भाभी मोहनतीन नेताम के घर के पीछे गया तो देखा मंहुआ पेड़ के पास भाभी मोहनतीन नेताम के गर्दन पीछे, दोनो हाथ के कलाई व उंगलियों से खून निकल रहा था। वहीं पास में सनीतलाल नेताम अपने एक हाथ में छुरी और दूसरे हाथ में हंसिया पकड़ा हुआ खडा था। बड़े पिता राजू राम नेताम और उसकी बेटी शिवबत्ती नरेटी पास में खड़े थे। आरोपी सनीतलाल नेताम हंसिया ▶▶ शेष पेज 12 पर

## नशे के शौक को पूरा करने करता था चोरी, जेल की सलाखों में आरोपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- हथौड़ा मारकर ताले तोड़ने में महिर, 30 हजार नकद, मोबाइल जब्त

चारामा थाना क्षेत्र में विगत दिनों हुई चोरी के मामले में पुलिस चोर की तलाश में जुटी थी और पुलिस को एक चोर हत्थे चढ़ा। पुलिस ने चोर से चोरी करने के बारे में पूछा तो उसका कहना था कि सूने मकान के ताले को हथौड़ा से तोड़ता था और चोरी करता था। नशे के शौक को पूरा करने में चोरी के रकम को खर्च कर देता था। आरोपी के कब्जे से नगद 30 हजार रूपएं व एक नग मोबाईल फोन को बरामद किया गया।

चारामा थाना अंतर्गत जैसाकर्रा में 8 फरवरी को सूने मकान का आरोपी ने ताला तोड़कर चोरी किया था। आलमारी में रखे नगदी रकम 72 हजार की चोरी हुई थी। शिकायतकर्ता की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305 (ए) 331 (1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में टीम गठित कर अज्ञात आरोपी चोर का पता तलाश किया जा रहा था, तभी मुखबिर से जानकारी मिला कि रोहित जैन उक्त घटना के समय संदिग्ध अवस्था में गांव में घूम रहा था। संदिग्ध का मोबाईल नंबर सायबर सेल की मदद से कॉल डिटेल एवं लोकेशन प्राप्त किया गया। घटना के बाद से रोहित जैन का लोकेशन मध्य प्रदेश में होना पता चलने पर संदेही का पता तलाश के लिए एएसआई प्रदीप यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम मध्यप्रदेश भेजा गया। संदेही व्यक्ति के मोबाईल लोकेशन के आधार पर जिला आरंग के ग्राम बाड़ोद में दबिश देते हुए वार्ड क्रमांक 6 चारामा निवासी 24 वर्षीय रोहित जैन पिता हीरालाल जैन को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान गोल मोल जवाब देने से पुलिस ने अभिरक्षा में लेकर थाना चारामा लाया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने मजदूरी ▶▶ शेष पेज 12 पर

## बासनवाही के आश्रित ग्राम कोटलभट्टी में पानी टंकी बनी

# पेयजल संकट, ग्रामीण हलाकान, फिर भी नहीं बिछाई पाइप लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बासनवाही

विकासखंड नरहरपुर के ग्राम पंचायत बासनवाही के आश्रित ग्राम कोटलभट्टी में टंकी बन गई, बोर में पंप भी डाल दिया गया, परंतु गांव में आज तक पाईप लाईन नहीं बिछ पाई, जिससे ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है। हालात यह है कि ग्रामीण दूर-दूर से पीने का पानी लाकर प्यास बुझा रहे है। क्षेत्र में जल संकट के हालात बने हुए है।

ग्राम पंचायत बासनवाही अंतर्गत आश्रित ग्राम कोटलभट्टी स्कूलपारा में जल जीवन मिशन अंतर्गत क्रेडा विभाग ने 15 लाख 70 हजार का सोलर ड्यूल पंप सयंत्र एक साल पहले लगा दिया , परंतु अभी तक नल जल योजना का पाइप लाइन नही बिछा है। सोलर पंप लगाने के कारण हेण्ड पम्प को भी निकाल दिया गया है, जिसके कारण स्कूलपारा में पीने की पानी की समस्या कुछ ज्यादा ही खड़ी हो गई है। टंकी बने एक साल हो गए, परंतु ठेकेदार पाईप लाईन बिछाना भूल गया। गर्मी बढ़ने के कारण नलकूप बोर सूखने की स्थिति में है। जलस्तर काफी नीचे जा चुका है। अप्रैल माह में और भी पानी की विकट समस्या हो सकती है। इसके अलावा स्कूलपारा कोटलभट्टी में शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय एवं पूर्वमध्यमिक विद्यालय भी संचालित है, जहां बच्चों की संख्या लगभग 450 है। स्कूल में नलकूप है, लेकिन लो वोल्टेज के चलते आधा एचपी का पंप भी नही चल पा रहा है, जिसके कारण बच्चों को भरी गर्मी में पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है।



### पानी के लिए हो रहा विवाद

ग्रामीणों को हैंडपंप से पानी लाने की मजबूरी बनी हुई है। इतना ही नहीं पानी को लेकर महिलाएं आपस में उलझती रहती है। हैंड पंप पर जब ज्यादा भीड़ रहती है तो ग्रामवासी पानी के लिए इधर-उधर भटकते रहते है। ग्रामीणों ने बताया कि अधिकारी नल-जल योजना पूरी होने का दावा करते हैं, लेकिन बिना पाइप लाइन बिछाए पानी कैसे मिलेगा। इसके चलते ग्रामीणों को पेयजल के लिए हैंडपंप पर निर्भर बने हुए हैं। ग्राम के लोगों ने हरिभूमि के माध्यम से जिला प्रशासन एवं स्थानीय विधायक से मांग किया है कि जल्द इस योजना को पूर्ण कराकर पेयजल उपलब्ध कराएं।

### गांव की जनता पानी के लिए परेशान हैं

स्कूल पारा में एक ही हैंडपंप है। ऐसे में महिलाएं व बच्चे सुबह से ही पानी के लिए परेशान रहते हैं। नलजल योजना में पानी की टंकी तो बन गई, लेकिन आज तक शुरु नहीं हो पाई। गांव के महिलाओं का कहना है कि नलजल योजना से पानी की टंकी बने 6 महीने से ज्यादा हो गया। वो भी दिखाने के लिए बनी हुई है। पाइप लाइन नही बिछाई गई, जिम्मेदार अधिकारी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे और परेशानी हमे हो रही है।

## खबर संक्षेप

### पेयजल व्यवस्था के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार राज्य में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने और पेयजल समस्या समाधान हेतु कंट्रोल रूम स्थापित करने के साथ ही टोलफ्री नम्बर जारी किया गया है। मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी बस्तर परिक्षेत्र जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार हेण्डपम्पों के समुचित संधारण के लिए पर्याप्त मात्रा में स्पेयर पार्टस एवं राइजर पाइप की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है। वहीं सभी जिलों में विशेष संधारण वाहन भी चलाए जा रहे हैं। बस्तर संभाग में संचालित सोलर आधारित पेयजल योजनाओं का भी क्रेडा के माध्यम से रख-रखाव सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही खण्ड और उपखण्ड एवं विकासखण्ड स्तर पर पेयजल व्यवस्था हेतु कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

### उच्च योग साधना शिविर 1 से 6 अप्रैल तक

**जगदलपुर।** बिहार योग विद्यालय मुंगेर के मार्गदर्शन में जगदलपुर में उच्च योग साधना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिवम्-योग समिति एवं जलाराम सेवा ट्रस्ट, जगदलपुर के सयुक्त तत्वावधान में 1 से 6 अप्रैल तक ये शिविर श्री जलाराम मंदिर प्रांगण में आयोजित होगा। शिविर में योग साधना करवाने मुंगेर से गोरखनाथ सरस्वती पधार रहे हैं, जो कि ध्यान, स्वर साधना, चक्रानुसंधान, अन्तरमौन, नादयोग, अजपाजप आदि का विशेष अभ्यास करवाएंगे।

### सत्संग ने दिखाई स्व रोजगार की राह

**दंतेवाड़ा ।** सत्संग से स्व रोजगार की राह को दंतेवाड़ा जिले के ग्राम बालपेट की सत्संग रामायण ने चरितार्थ किया है। इस मंडली के सदस्यों ने रामायण आरती व चढ़ावे में आए रुपयों को जमा कर पिकअप वाहन खरीदा है। इस वाहन का उपयोग मंडली के सदस्यों के साजो-सामान का रामायण पाठ के सिलसिले में यहां से वहां परिवहन में तो किया ही जायेगा, साथ ही बाकी समय मंडली के कुछ युवाओं को इसकी जिम्मेदारी दी जाएगी, जो वाहन से कमर्शियल ढुलाई कर आमदनी कमाएंगे। साथ ही वाहन किश्त भरने में मंडली की मदद करेंगे। दक्षिण बस्तर में ऐसा पहली बार हुआ है, जब किसी रामायण मंडली ने आरती के पैसों का सदुपयोग कर स्वयं का वाहन खरीदा।
सत्संग रामायण मंडली के सदस्य कल्याण ठाकुर व ललित ठाकुर ने बताया कि समिति के उत्साही सदस्य नियमित रूप से रामायण पाठ करते हैं। बाहर से कई जगह बुलावा आने पर किराए का वाहन लेकर जाना पड़ता था। इस वजह से समिति के सदस्यों ने आरती एवं भेंट में मिलने वाले रुपयों को जोड़कर वाहन लेने का निर्णय लिया। इससे समिति को सत्संग में सुविधा के साथ ही कुछ सदस्यों को स्व रोजगार का अवसर भी मिलेगा। नशा मुक्ति की ओर अग्रसर सत्संग रामायण मंडली की सक्रियता से बालपेट में युवाओं का रुझान नशापान की बजाय सत्संग और अच्छी बातें सीखने की तरफ बढ़ा है। कई युवाओं ने नशापान की लत भी छोड़ दी है। इस नए बदलाव से गांव के निवासी भी काफी खुश हैं।

---

**आयोजन:** जिला स्तरीय बस्तर पंडुम स्पर्धा में पारंपरिक लोकनृत्य, गीतों की प्रस्तुति

# बस्तर की लोक संस्कृति को मिल रही नई पहचानः वनमंत्री कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



जिला स्तरीय बस्तर पंडुम प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के मुख्य आतिथ्य में आज कोंडागांव के ऑडिटोरियम में हुआ। आयोजन में जिले के पांचों विकासखंडों से आए लोक कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों ने मंच पर जनजातीय संस्कृति को जीवंत बना दिया।

मुख्य अतिथि वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर की जीवनशैली में जनजातीय गीत–संगीत, नृत्य और खानपान अनूठी पहचान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में इस विलुप्त होती लोकसंस्कृति को 'बस्तर पंडुम' के माध्यम से संरक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के चलते छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से मुक्ति की ओर बढ़ रहा है। जिससे विकास के नए द्वार खुलेंगे और बस्तर की समृद्ध संस्कृति को देश–दुनिया में पहचान मिलेगी। वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि बस्तर के कोदो, कुटकी और रागी जैसे पोषक अनाजों को अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनाया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि 'बस्तर पंडुम' नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध संस्कृति को समझने और अपनाने का अवसर देगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जानकारी दी कि जिला स्तरीय आयोजन में विकासखंड स्तर पर चुने गए आठ विधाओं के विजेता प्रतिभागी शामिल हुए हैं। यहां से चयनित प्रतिभागी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की इस पहल से बस्तर की संस्–ति को नई पहचान मिल रही है।

■ जनजातीय व्यंजन, आभूषण, वेशभूषा और शिल्पकला का भव्य प्रदर्शन



#### नई पहचान के साथ सम्मान भीः पटेल

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि बस्तर पण्डुम के माध्यम से हमारी संस्कृति को संरक्षित करने की पहल राज्य शासन द्वारा किया जा रहा है। इससे बस्तर की लोक संस्कृति को नई पहचान के साथ सम्मान भी मिलेगा। पूर्व विधायक सेवकराम नेताम ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय के प्रयास से यह आयोजन बस्तर की लोक संस्कृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष हीरासिंह नेताम, नगर पालिका के उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, दीपेश अरोरा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और आदिवासी समाज के प्रमुखजन उपस्थित रहे।

#### पारंपरिक व्यंजनों का भी लिया स्वाद –

इस अवसर पर जनजातीय व्यंजनों, शिल्पकला, पारंपरिक आभूषण और वेशभूषा का भव्य प्रदर्शन किया गया। वन मंत्री श्री कश्यप ने विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया और बस्तर के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद भी लिया। उन्होंने तीखुर और अमारी शरबत का आनंद लिया। कलेक्टर श्री दुदावत ने भी विभिन्न जनजातीय व्यंजनों का स्वाद चखा। बस्तर पण्डुम के पारंपरिक व्यंजन स्टॉल में कुमड़ा बड़ी, बोहार भाजी, जीरा भाजी, हरवा, उड़द, कांदा, कोलयारी भाजी, इत्ता पुल्ला आमट साग, जिमी कांदा, डांग कांदा सहित पेय पदार्थों में सल्फी, तीखुर येर, जीरा गुंडा, अमारी शरबत, गोर्रा जावा मड़िया पेज एवं अन्य जनजातीय पेय पदाथोंर् का प्रदर्शन किया गया। इसी प्रकार पारंपरिक आभूषण विधा में बस्तर के पारंपरिक आभूषणों जैसे सुता, बंधा, रुपया माला, खिनवा, डोरा, कलंगी, कौड़ी माला, पुतरी, करधन, बाहुटा, ढार, लुरकी, ऐठी, मुंदरी, फूली, पटा, बिछिया आदि का प्रदर्शन किया गया।

---

## कमिश्नर ने बालक आश्रम व नारायणपुर तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह ने नारायणपुर जिले के प्रवास पर बालक आश्रम शाला बेनूर और तहसील कार्यालय नारायणपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आश्रम शाला बेनूर में रसोईघर, बच्चों के शयन कक्ष एवं किचन गार्डन का जायजा लिया और बच्चों से रूबरू होकर उनकी पढ़ाई, नाश्ता तथा भोजन के बारे में पूछा। साथ ही किचन गार्डन में साग-सब्जी उत्पादन तथा आश्रम शाला सहित परिसर की स्वच्छता एवं साफ-सफाई को देखकर सम्बन्धित अधीक्षक और अन्य कर्मचारियों के प्रयासों को सराहा। वहीं आश्रम शाला में आवश्यक मरम्मत कार्य को किए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने तहसील कार्यालय नारायणपुर के निरीक्षण के दौरान राजस्व प्रकरणों के निराकरण सहित जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र प्रदाय स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने तहसील कार्यालय में नस्तियों, पंजियों एवं अन्य दस्तावेजों के संधारण का भी बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय के रिकॉर्ड रूम में दस्तावेजों को सुरक्षित रखने हेतु त्वरित पहल कर दवा का छिड़काव करने, खिड़कियों में जाली लगाने तथा अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही उक्त कार्यालय परिसर की साफ-सफाई के लिए हरेक महीने के तीसरे शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाए जाने कहा। जिसमें सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्वेच्छा से सहभागिता निभाने की समझाईश दी। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, सीईओ जिला पंचायत सुश्री आकांक्षा खलखो, एसडीएम अभयजीत मण्डावी तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

■ तहसील में रिकॉर्ड रूम को व्यवस्थित करने दिए निर्देश

---

## छुट्टियों पर घर आए सैनिक ने जरुरतमंद के लिए किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



भारतीय थल सेना में सेवारत सैनिक उमेंद्र मरकाम ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए एक जरूरतमंद मरीज को जीवनदान दिया। 28 मार्च को हसलनार निवासी सोमनाथ नाग 40 वर्ष को रक्त की गंभीर आवश्यकता पड़ी, जिसके बाद जिला अस्पताल कोंडागांव में भर्ती किया गया। मरीज को तत्काल रक्त की जरूरत थी। छुट्टियों में अपने गृह ग्राम चिपावंड आए सैनिक उमेंद्र मरकाम को जब इस बारे में जानकारी मिली, तो वे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचे और रक्तदान कर मरीज की जान बचाई। उनके इस नेक कार्य की प्रशंसा की जा रही है।

#### पूर्व सैनिक सेवा परिषद लगातार कर रही सेवा –

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, कोंडागांव के जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने बताया कि परिषद की जिला इकाई का गठन वर्ष 2020 में हुआ था। तब से संगठन के पूर्व सैनिक और सेवारत सैनिक जरूरतमंदों के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं और समय–समय पर रक्तदान कर मानवता की सेवा करते हैं। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, कोंडागांव ने आम जनता से अपील की कि अधिक से अधिक लोग रक्तदान करें और जरुरतमंदों की सहायता कर मानवता के हित में कार्य करें।

---

## इंद्रावती नदी सूखने की स्थिति में, भाजपा नेता जनता को दे रहे आश्वासन : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने मीडिया को जारी बयान में कहा महानदी विवाद पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव और ओडिशा के मुख्यमंत्री की मुलाकात पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि महानदी विवाद को समाप्त करने पर गहन चर्चा दोनों प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के बीच होती है। परंतु बस्तर की प्राणदायनी इंद्रावती नदी सूखने के स्थिति में पहुंच चुकी है किसान लगातार संघर्ष कर रहे जोरा नाला तक पहुंच साफ सफाई कर विभाग और नेतागणों को चेताने के बावजूद भी अपने मुख्यमंत्री से इस गंभीर विषय पर चर्चा तक नहीं करते। बस्तर के नेता किरण देव प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी हैं, केदार कश्यप छत्तीसगढ़ शासन में मंत्री हैं, महेश कश्यप बस्तर के सांसद हैं,परंतु इस गंभीर विषय पर ये नेता थोड़ी सी भी गंभीरता नहीं दिखा पा रहे हैं। ये आपस में मिलकर अपने मुख्यमंत्री से इस विषय पर चर्चा के लिए दबाव नहीं बन पा रहे हैं जो कि बस्तर के लिए दुर्भाग्य जनक है। उन्होंने कहा कि यह बस्तर का दुर्भाग्य ही है कि बस्तर से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, बस्तर से जल संसाधन मंत्री, बस्तर सांसद के रहते हुए जोरा नाल विवाद पर मुख्यमंत्री ओडिशा के मुख्यमंत्री से बात तक नहीं कर रहे हैं और दूसरी तरफ ये तीनों नेता सिर्फ और सिर्फ बस्तर के जनता की आंखों में धूल झोंक रहे हैं, बस्तर की जनता को झूठा आश्वासन दे रहे हैं।

---

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश उत्तरा कुमार के स्थानांतरण पर दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



जिला अधिवक्ता संघ द्वारा 28 मार्च को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उत्तरा कुमार कश्यप और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती मनीषा ठाकुर के स्थानांतरण के अवसर पर एक भावनात्मक विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह की शुरुआत न्यायाधीशगण को सम्मानित करने से हुई। अधिवक्ताओं ने अपने संबोधन में न्यायाधीश के कार्यकाल के दौरान उनके योगदान, न्यायिक उत्कृष्टता, सहयोग और सकारात्मक अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

■ कार्यकाल के दौरान के उनके योगदान व अनुभवों को किया गया साझा

विदाई समारोह में जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री कश्यप ने न्यायपालिका की अहम भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सभी अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी को उज्वल भविष्य और न्याय की सेवा में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर कमलेश कुमार जुर्री जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, एफ.टी.एस.सी. पॉक्सो, कोंडागांव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोंडागांव, एवं अधिवक्ता संघ अध्यक्ष दीपक ठाकुर ने भी न्यायाधीश के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

#### ये रहे उपस्थित –

कार्यक्रम में विक्रम प्रताप चंद्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोंडागांव, श्रीमती यशोदा नाग, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोंडागांव, शिव प्रकाश त्रिपाठी, न्यायिक मजिस्ट्रेट कोंडागांव, सुश्री गायत्री साय, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव, जिला अधिवक्ता संघ के समस्त सदस्यगण।

यह समारोह न्यायिक अधिकारियों के प्रति सम्मान और उनके योगदान को सराहने का एक भावनात्मक अवसर बना। अधिवक्ता संघ और न्यायिक अधिकारियों ने उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी।

---

## लंबित 53 प्रतिशत महंगाई राहत भत्ता का आदेश जारी न होने पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव




छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा कोंडागांव की महत्वपूर्ण बैठक संघ अध्यक्ष ए स पी विश्वकर्मा की अध्यक्षता में पेंशनर भवन कोंडागांव में संपन्न हुई। बैठक में शासन द्वारा लंबित 53 प्रतिशत महंगाई राहत भत्ता का आदेश अब तक जारी न होने पर गहन चर्चा हुई।

■ छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक संपन्न

इस दौरान फरसगांव ब्लॉक के ग्राम बरकई निवासी रूप सिंह पांडे सेवानिवृत्त वन विभाग ने संघ की सदस्यता ग्रहण की, जिनका संघ द्वारा सम्मान किया गया। उन्हें फरसगांव तहसील अध्यक्ष महेंद्र पांडे से संपर्क करने की सलाह भी दी गई।

इसके अलावा, पेंशनर भवन में 12 वर्ष तक के बच्चों के लिए डांस प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। प्रशिक्षक तामेशकार द्वारा प्रशिक्षण संचालन की मांग रखी गई। जिसे संघ ने सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की। पेंशनर भवन की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षक ने भी अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। प्रशिक्षण 30 मार्च से प्रारंभ होगा।

#### ये रहे उपस्थित –

बैठक में संरक्षक जीजी देवांगन, उपाध्यक्ष आरएस पांडे, आईसी निषाद, नए सदस्य रूप सिंह पांडे, आरएम सेन, नासिर अली, संग्राम सिंह यादव, राजेंद्र गोन्नाडे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के अंत में 30 मार्च से प्रारंभ हो रहे हिंदू नव वर्ष के आगमन पर हर्ष व्यक्त करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

---

## पेज 11 के शेष

#### शराब पीकर वाहन...

दिया गया कि दूसरी बार पकड़ाए जाने पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग पर चार पहिया वाहनों को रोककर एक सप्ताह से जांच चल रही है, जिसमें शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करते हुए प्रकरण को न्यायालय भी भेजा जा रहा है। न्यायालय भेजे गए प्रकरण वाहनों के चालक संतोष बेक पिता हिरमन बेक, सुशील वर्मा पिता बिहारी लाल वर्मा निवासी जगदलपुर, अर्जुन पुरी पिता लक्ष्मण पुरी निवासी खंडवा, प्रीतम यादव पिता ननकूराम यादव अनूपपुर, कैलाश कुमार पिता सूरज निवासी बिलासपुर को न्यायाधीश ने 10-10 हजार का जुर्माना और पुष्कर मरकाम पिता पन्नालाल मरकाम जिला धमतरी पर 17 हजार का जुर्माना ठोका गया। बुधवार 27 मार्च को रात को लगाए गए चार चेक प्वांइट में 100 बाईकों को रोक रोककर जाँच किया गया, जिसमें 23 बाईक चालकों पर कार्यवाही करते हुए 20 हजार का चालान वसूला गया।

#### प्रधान डीजे ने...

ने कहा कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य न्यायिक प्रक्रिया को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाना था, जिससे जेल में निरुद्ध बंदियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा सके। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि बंदियों को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी प्रदान की जाए और उनकी मूलभूत आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि जेल में सुधारात्मक एवं पुनर्वास संबंधी कार्यक्रम प्रभावी रूप से सतत संचालित हो। जेल निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भास्कर मिश्र एवं जेल प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

#### भाजपा मंडल की...

मेरे लिए गर्व की बात है। आयोजित बैठक में जनपद सदस्य पिलम नरेटी, जनपद सदस्य विकास राजू नायक, जनपद सदस्य अमृत कोटिंगला, अशोक जैन, रामचंद कल्लो, संतो दुग्गा, सिरो कोमरे, विजय पटेल, नागसाय तुलावी, फुलसिंग मंडावी, इशू जनक आरदे, सरपंच शकुंतला नरेटी, सुमित्रा दुग्गा, टिकेश रावटे, सतीश जैन, संजय उयके, अनिल उयके, नरेश कोमरा, मनोज बघेल, तुका पटेल नवनिर्वाचित सरपंच नन्द कुमार खरे, मुकेश नरेटी, मुकेश गावड़े शिवलाल ध्रुव, कैलाश नेताम, बलराम टेपरिया, रजलाल आंचला के अलावा समस्त भाजपा समर्थित सरपंच, उपसरपंच, वार्ड पंच सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### धारदार हथियार लेकर...

और छुरी लेकर रोड़ तरफ जा रहा था। आरोपी सनीतलाल नेताम मेरी मां असरो बाई की हत्या करने की नीयत से अपने हाथ में रखे हंसिया से मेरे मां के गला, सिर व हाथ छूरी से हमला कर दिया, जिससे खून निकल रहा था। मैं और बड़े पिता राजू राम नेताम बीच बचाव करने गए, परंतु आरोपी ने मेरी भी हत्या करने की नीयत से छुरी और हंसिया लेकर मुझे दौड़ाया। मैं जान बचाकर वहां से भाग गया। मेरी मां असरो बाई नेताम को नहीं बचाता तो आरोपी हत्या कर देता। भाभी मोहनतीन नेताम और मां असरो बाई नेताम का ईलाज कराने दुर्गूकोंदल अस्पताल में ले जाकर भर्ती किया। प्राथमिक उपचार बाद दुर्गूकोंदल से हायर सेंटर कांकेर रिफर किया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 109 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

#### नशे के शौक...

का काम करना एवं 28 जनवरी तक माकड़ी में स्थित हिल टॉप होटल में वेटर का काम करना और चारामा से रोज आना जाना करने के बारे में बताया। हॉटल से काम छोड़ने के बाद चारामा में अपने परिचित दोस्तों के साथ नशा करते घूमता रहता था। नशा के लिए ज्यादातर जैसाकर्रा में तालाब के पास दोस्तों के साथ जाता था। आरोपी ने बताया कि जब भी जैसाकर्रा जाता था तो गांव के बाहर मोबाईल टॉवर के पास बने एक मकान में दिन के समय में हमेशा ताला लगा रहता था। पैसे की तंगी भी होने लगी थी। सूने मकान में चोरी करने का योजना बनाया और 8 फरवरी को सुबह 11 बजें जैसाकर्रा गया। मकान के सामने गेट में ताला लगा था। आसपास कोई व्यक्ति नहीं था। मकान के पीछे की ओर से घर के अंदर गया और बहर में लगे सीसी टीवी के तार को काटा दिया। उसके बाद घर के अंदर गया, जहां पर कमरे में लकड़ी के आलमारी को खोल कर देखा तो एक कत्थे रंग के बैग में पैसा रख था, जिसे चोरी करके घर से बाहर निकल गया। बाहर आकर बेग में रखे पैसे को गिन कर देखा तो 72 हजार 800 रूपएं था। चोरी के पैसे लेकर उसी दिन बस से अपनी पत्नी को लेने ससुराल लॉजी मध्य प्रदेश चला गया। आरोपी द्वारा चोरी करना स्वीकार किया। कब्जे से 30 हजार रूपएं नगद व चोरी के पैसे से खरीदा हुआ 17 हजार रूपएं का आई-फोन को जप्त किया गया। आरोपी राहित जैन पिता हीरालाल को 28 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया और जेल भेजा गया।

---

**कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन कर जमकर की नारेबाजी**

# कांग्रेस ने रैली निकालकर सीबीआई का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव






कांग्रेस नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई की कथित कार्रवाई के विरोध में कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को जोरदार प्रदर्शन किया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस भवन से रैली निकालकर बस स्टैंड में सीबीआई का पुतला दहन किया। इस आयोजन में पूर्व मंत्री शंकर सोढ़ी विशेष रूप से सक्रिय नजर आए।

जिलाध्यक्ष बुधराम नेताम ने कहा कि केवल कांग्रेस नेताओं को निशाना बनाना दर्शाता है कि भाजपा बदले की भावना से जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा, यह सुशासन नहीं बल्कि कुशासन का संकेत है।

कांग्रेस पार्टी अंग्रेजों से नहीं डरी थी, तो भाजपा से क्या डरेगी हमारी लड़ाई इन नीतियों के खिलाफ जारी रहेगी, और हम आम जनता की आवाज उठाते रहेंगे। कोंडागांव कांग्रेस ने साफ किया कि वे भाजपा की नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे और लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध जारी रखेंगे।

#### प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल –

विरोध प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेसी पूर्व मंत्री शकर सोढ़ी, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, पूर्व जिलाध्यक्ष झूमूकलाल दीवान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम, महामंत्री गीतेश गांधी, रितेश पटेल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष तरुण गोलछा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भारत देवांगन, राजेश नेताम, प्रवीण अग्निहोत्री, सुखराम पोयाम, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष हेमा देवांगन समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

**खबर संक्षेप**

## मुदवेंडी शिविर का एसडीएम ने किया निरीक्षण



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के दिशा-निर्देशन में अंदरूनी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जनसुविधा शिविर का आयोजन कर आधार, आयुष्मान, बैंक खाता सहित विभिन्न व्यक्तिमूलक योजनाओं से हितग्राहियों को जोड़कर शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित करने का कार्य शिविर के माध्यम से लगातार किया जा रहा है। बीजापुर के सुदर क्षेत्र मुदवेंडी में आयोजित जनसुविधा का एसडीएम जागेश्वर कौशल द्वारा औचक निरीक्षण कर शिविर में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए ग्रामीणों के महत्वपूर्ण दस्तावेज सुगमतापूर्वक बनाने को कहा गया।

## योजनांतर्गत छूटे हुए पात्र परिवारों का सर्वेक्षण कार्य जारी

**दंतेवाड़ा।** केंद्र सरकार के पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण पीएमएवाई-जी के तहत वर्ष 2018 से छूटे हुए पात्र परिवारों के लिए पीएम आवास 2.0 योजना के अंतर्गत सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने समस्त छूटे हुए परिवारों के सर्वेक्षण को गंभीरता से लेते हुए सभी जनपद पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया है कि वे इस कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें। उल्लेखनीय है कि पीएम आवास 2.0 सर्वेक्षण कार्य के लिए ग्राम सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्रों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा पीएम आवास 2.0 पोर्टल के माध्यम से सर्वेक्षण कार्य हो रहा है, जिसमें हितग्राही स्वयं भी ऐप के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं।

### महिलाओं संग बच्चों ने भी विभिन्न खेलकूद में लिया हिस्सा

# समाज को और भी सशक्त व एकजुट करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम



गीदम में क्षत्रिय समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जिले भर से बड़ी संख्या में समाज से जुड़े महिला पुरूष व युवा शामिल हुए। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा बच्चों को विभिन्न प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिता भी कराई गई जिसमें विजय होने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।

- गीदम में महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापित किए जाने की घोषणा

गौरतलब है कि दंतेवाड़ा जिले के व्यवसायिक नगरी गीदम में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष 2025 के मार्च महिने में होली पर्व के उपरांत क्षत्रिय समाज द्वारा वार्षिक मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षत्रिय समाज गीदम के अध्यक्ष सुजीत सिंह बैस के नेतृत्व में यह मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें दंतेवाड़ा, नकुलनार, गीदम से बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। गीदम मंडी चौक से बारसूर मार्ग पर वार्षिक मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नकुलनार के वरिष्ठ नागरिक श्रीकुमार सिंह भदौरिया थे वही विशिष्ट अतिथि के तौर पर नकुलनार के ही वरिष्ठ भाजपा नेता राम बाबू सिंह गौतम, भानु प्रकाश सिह चौहान मौजूद रहे। समाज के वरिष्ठ रामकृष्ण सिंह बैस, नारायण सिंह भदौरिया एवं बिनोद सिंह भी मंचासीन रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत शाम 7 बजे मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां दुगा देवी, राम दरबार एवं महाराणा प्रताप के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर, दीप प्रज्वलित कर की गई। सर्वप्रथम मां दुर्गा की आरती की गई। तदोपरांत मिलन कार्यक्रम की शुरूआत हुई। उक्त अवसर पर स्वागत उदबोधन में क्षत्रिय समाज गीदम के अध्यक्ष सुजीत सिंह ने कहा कि हमें गर्व है कि हमें ईश्वर ने क्षत्रिय कुल में जन्मा है। क्षत्रियों की वीर गाथा से हर कोई वाकिफ है। क्षत्रिय कुल में बड़े बड़े वीर योद्धा हुए हैं जिहोने युद्ध लड़कर दुश्मनों के दांत खटटे किए हैं।

क्षत्रिय अपने आन बान शान के लिए सबकुछ न्योछावर कर सकता है। क्षत्रिय कुल के महान योद्धा महाराणा प्रताप, राणा सांगा, पृथ्वीराज चौहान, वीर शिवाजी जैसे अनेकों लोगों का इतिहास हम सबको जानना चाहिए। बैस ने कहा कि बड़े ही हर्ष का विषय है कि हमारा समाज निरंतर एकजूट होता जा रहा है। हाल ही के दिनों में एक नेता द्वारा क्षत्रिय कुल के वीर शिरोमणी राणा सांगा पर आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के मामले पर सुजीत सिंह ने कड़ी आपत्ति जताते कहा कि उन्हें अपमानित करने वाले जिस दिन वीर योद्धा राणा सांगा का इतिहास पढ़ लेंगे उस दिन पता लगा जाएगा कि राणा सांगा कौन थे। उन्होंने कहा कि युद्ध के मैदान में 80 घाव लगने के बाद भी उहोने हार नहीं मानी और दुश्मनों को अपनी तलवार से काटते चले गए। ऐसे वीर योद्धा थे राणा सांगा। हमारे किसी भी योद्धा का अपमान क्षत्रिय समाज सहन नहीं करेगा। आगामी कुछ महिनों में गीदम में महाराणा प्रताप की एक विशाल प्रतिमा भी स्थापित किए जाने घोषणा भी सुजीत सिंह ने मंच से किया जिसका उपस्थित सभी जनों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। उदबोधन की अगली कड़ी में मुख्य अतिथि कुमार सिंह भदौरिया ने कहा कि अब समाज एकजूट होकर काम कर रहा है यह देखकर काफी प्रसन्नता हो रही है।

हमारा समाज बिखरा पड़ा है जिसे हमें एकजूट करने की आवश्यकता है। अहम, घमंड और मैं ही सबसे श्रेष्ठ की भावना को त्याग कर एक धागे में बांधकर रहने का समय अब का गया है। विशिष्ट अतिथि रामबाबू सिंह गौतम ने कहा कि किसी भी समाज की ताकत उसकी एकजूटता होती है जो समाज एकजूट नहीं रहता वो टूटकर बिखर जाता है। सभी समाज संगठित है मगर क्षत्रिय समाज संगठित नहीं है जिसके वजह से समाज को वो ताकत नहीं मिल पा रहा लिहाजा हमें मिलकर समाज को आगे ले जाना होगा।

## बोदरा जन आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोंड

ग्राम पंचायत स्तर पर नवनिर्वाचित सरपंच के सम्मान और आशीर्वाद प्राप्ति के लिए आयोजित किया गया। इस तरह के आयोजन जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद व सहयोग को मजबूत करने में सहायक होते हैं।

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने गुरुवार को विकासखण्ड बस्तर के ग्राम पंचायत बोदरा के लोगों को ग्रामसभा के महत्व और उसकी प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्रामसभा ग्रामीण विकास की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होती है। जहां ग्रामीणों को अपने अधिकारों और योजनाओं की जानकारी मिलती है।

बस्तर विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, जैसे कि प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, पेंशन योजना व कृषि एवं सिंचाई से जुड़ी योजनाओं की भी जानकारी दी साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि वे ग्रामसभा में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने गांव के विकास में योगदान दें।

2024-25 के बजट सत्र में ग्राम पंचायत बोदरा को बड़ी मंजूरी मिली। अब लोगों को आवाजाही में कोई परेशानी नहीं होंगी। लोगों के मांग अनुसार बस्तर विधायक ने मुख्यरूप से अपने बजट में रखते हुए इंद्रावती नदी में उच्च स्तरीय पुल बनाने के लिए कई करोड़ रूपये की सौगात दी।

इस दौरान सरपंच कचरू कश्यप, सरपंच मदन बघेल, जनपद सदस्य चैतराम, बुदरू बघेल, झड़गा, लेबो, सुकुलधर, त्रिनाथ, शिवनाथ, थनू राम, बृज लाल श्रीवास्तव, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, तुलसीराम ठाकुर, हरदास बघेल एवं ग्रामवासी व समस्त कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे।

## शिव मंदिर चौक की साफ-सफाई कर स्वच्छता की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज : घाटलोहंगा

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर छत्तीसगढ़ द्वारा सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर ग्राम पंचायत कविआसना में 24 मार्च से 30 मार्च तक आयोजित है। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा दैनिक गतिविधि के अंतर्गत 27 मार्च प्रातः 5 बजे लक्ष्य गीत के साथ प्रभात फेरी व योग व्यायाम सूर्य नमस्कार, कपाल भारती, प्राणायाम, अनुलोम -विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, वज्रासन एवं शवासन इत्यादि से दिनचर्या की शुरुआत की गई। प्रातः 8 बजे से 12:30 बजे तक परियोजना कार्य चतुर्थ दिवस के अंतर्गत समस्त स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम कविआसना के मांझी पारा, ठाकुर बस्ती, प्राथमिक शाला परिसर एवं शिव मंदिर चौक की साफ सफाई कर स्वच्छता की जानकारी दी गई। इसका नेतृत्व महा दलनायक एवं दलनायिका क्री अनुमति से समस्त समूहों के नेतृत्वकर्ताओं ने किया। साफ सफाई के साथ ही स्वयं सेवको द्वारा ग्रामीण सर्वे कार्यक्रम तथा ग्रामवासियों क्री अनुमति से दीवारों पर शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वछता एवं नैतिकता आधारित स्लोगन लेखन किया गया।

## नक्सलगढ़ पुजारी कांकेर में ग्रामीणों को मिली शासकीय सुविधा और आवश्यक सामान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

जिले के उसूर ब्लाक के पुजारी कांकेर में सीआरपीएफ के 196 बटालियन ने सिविक एक्शन प्रोग्राम के साथ जिला प्रशासन द्वारा जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों की निःशुल्क चिकित्सा परामर्श और दवाइयां एवं आवश्यक घरेलू सामग्री वितरित की गई। वहीं कार्यक्रम में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों ने ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और आवेदन प्राप्त किए।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर संबित मिश्रा, डीआईजी परिचालन रेंज बीजापुर देवेन्द्र सिंह नेगी एसपी डॉ जितेंद्र यादव, सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, डीएफओ आर रामाकृष्णा, उपनिदेशक आईटीआर संदीप बलगा, कमांडेंट, 196 वी वाहिनी कुमार मनीष, एसडीओपी तिलेश्वर यादव सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए।

सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत ग्रामीणों को दैनिक आवश्यकताओं की सामग्री जैसे कि साईकिल, कम्बल, कपड़े, चप्पल, बर्तन, पानी के ड्रम, मनोरंजन हेतु टेलिवीजन तथा खेलकूद सामग्री क्रिकेट किट, वालीबॉल फुटबॉल, नेट , स्कूल बेग इत्यादि सामान वितरित किए गए। चिकित्सा अधिकारी डॉ किरण राज, डॉ. जीपी सरत द्वारा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श कैम्प का आयोजन किया गया और जरूरतमंद ग्रामीणों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पुजारी कांकेर सहित तमिलभट्टी, कस्तूरी पाड़ से 400 से ज्यादा ग्रामीण शामिल हुए तथा जिला प्रशासन और सीआरपीएफ के प्रति आभार व्यक्त किया।

## 231वीं वाहिनी मुख्यालय में श्वान पुनर्चर्या प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन



**गीदम।** राकेश अग्रवाल भापुसे पुलिस महानिरीक्षक छत्तीसगढ़ सेक्टर केरिपुबल द्वारा 231 बटालियन मुख्यालय, गीदम जिला दंतेवाड़ा में श्वान पुनर्चर्या प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस प्रशिक्षण केंद्र के खुलने से बस्तर क्षेत्र में तैनात सुरक्षा बलों की परिचालनिक क्षमता में वृद्धि होगी तथा शत्रु पर सटीक एवं प्रभावी कार्रवाई की जा सकेगी। वर्तमान में इस प्रशिक्षण केंद्र में छत्तीसगढ़ राज्य में तैनात विभिन्न बटालियनों से 20 श्वान (के-9) प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिनके साथ डॉग हेंडलर्स तैनात हैं। इस प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षणरत श्वान को 4 सप्ताह का रिफ्रेशर कोर्स कराया जाएगा, जिसमें श्वान को शत्रु द्वारा छिपाकर लगाई गई आईईडी को खोजने का विशेष प्रशिक्षण तथा अन्य कई तरह के प्रशिक्षण दिए जायेंगे। श्वान पुनर्चर्या प्रशिक्षण केंद्र, जावंगा में आरंभ होने के लिए राकेश अग्रवाल, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक ने जवानों को बधाई दी तथा इस अवसर पर बटालियन प्रांगण में बरगद का पौधा भी रोपित किया। इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक एनके सिंह छग सेक्टर, 231 बटालियन के कमाण्डेंट सुनील भवर, 230 बटालियन के कमाण्डेंट अनिल कुमार प्रसाद, 231 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी गोपाल कुमार गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुब्रता मण्डल, सहायक कमाण्डेंट धर्मेंद्र कुमार, चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि प्रकाश सुनकर सहित तमाम जवान उपस्थित रहे।

# हास्य और व्यंग्य का मिश्रण नाटक खुल्लम खुल्ला

**प्रदेश अध्यक्ष ने कहा अभियान का अभियान जारी रहेगा, रंगमंच को बढ़ाने मिलेगी मदद**







हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर अभियान संस्था द्वारा गुरुवार को मैत्री संघ रंगमंच पर अख्तर अली लिखित नाटक खुल्लम खुल्ला का मंचन किया गया।

नाटक के संवाद और कलाकारों के अभिनय ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया एवं हास्य और व्यंग्य के मिश्रित अदाकारी से

- विश्व रंगमंच दिवस पर अभियान की सफल प्रस्तुति

दर्शकों को हंसने पर मजबूर कर दिया। नाटक में दिखाया गया कि तंत्र के तीन हिस्से कार्यपालिका, व्यवस्थापिका और न्यायपालिका में तीनों का सामंजस्य व समन्वय एक मजबूत लोकतंत्र को पुष्पित पल्लवित करता है पर इनमे से एक मे भी सेंध लग़ जाए न तो सारी व्यवस्थाए चरमरा जाती है। नाटक मे इंस्पेक्टर समाज के उस घून की तरह परिलक्षित होता है जो अंदर ही अंदर उसे खोखला करता जा रहा है,जबकि रंगकर्मी, पागल व्यक्ति, ड्रायवर, पाकिटमार सब इसी तंत्र के हिस्से हैं जिनकी समाज मे अलग अलग भूमिकायें हैं।

तमाम नकारत्मक शक्तियों के विद्यमान होने के बावजूद समाज मे जिम्मेदारो के भी किरदार निर्धारित है जिन्हें जाँच अधिकारी के रूप मे नाटक मे दिखाया गया। भ्रष्टाचार की जड़े कितनी भी मजबूत हों लेकिन उनकी छंटाई भी मुमकिन है। नाटक का पूर्वार्ध समस्याओ को उकेरता है पर अंत मे समाधान भी दिखाता है क्योंकि देश का हर कर्मचारी अधिकारी कामगार मजदूर डॉक्टर वकील इंजिनियर शिक्षक भ्रष्ट नहीं है। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों द्वारा अभियान संस्था के संस्थापक स्वर्गीय सत्यजीत भट्टाचार्य के छायाचित्र के सामने दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। अभियान के अध्यक्ष कैलाश चौहान, महासचिव महेंद्र महापात्र, उपाध्यक्ष महेंद्र पांडे, प्रशांत दास, कोषाध्यक्ष समीर सेन, सहसचिव केतन महानंदी व सुलता महाराणा ने मुख्य अतिथि विधायक किरण देव, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, पत्रिका के संपादक मनीष गुप्ता, मैत्री संघ के अध्यक्ष दीपक घोष एवं अन्य मंचस्त अतिथियों का पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

वरिष्ठ रंगकर्मी सुबीर नंदी एवं जीएस मनमोहन ने विश्व रंगमंच दिवस पर रंगमंच की महत्ता पर अपने उदगार व्यक्त किए। अभियान अध्यक्ष की मांग पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि निर्माणाधीन ऑडिटोरियम,दिवंगत रंगनिर्देशक सत्यजीत के नाम पर जाना जाए ऐसा मै पूरा प्रयास करूंगा। साथ ही अभियान द्वारा प्रत्येक दो वर्ष में आयोजित किए जाने वाले अखिल भारतीय नाट्य परब का बारहवां आयोजन जो नवंबर माह में प्रस्तावित है को सफल बनाने हर संभव मदद का भी आश्वासन दिया।

नाटक का निर्देशन हेमंत सिंह ने किया वहीं रूपसज्जा एवं प्रकाश व्यवस्था की जिम्मेदार विश्वजीत भट्टाचार्य ने संभाली। मंच संचालन अफजल अली ने किया। नाटक में इंस्पेक्टर की भूमिका केतन महानंदी, हवलदार शिव शंकर पिल्लई, सिपाही धीरज कश्यप, लड़की का पिता अनूप कुर्रे, पागल व्यक्ति विक्रम सोनी, रंगकर्मी प्रशांत दास, कल्लू पाकिटमार अफजल अली, ड्राइवर धीरज दास एवं विशेष भूमिका में विश्वजीत भट्टाचार्य ने अपने अभिनय की अच्छी छाप छोड़ी।

# हिन्दू नववर्ष पर मातृ शक्ति की स्कूटी रैली कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

समुंद चौक स्थित राम मंदिर में सर्व ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ के नेतृत्व में तथा अन्य समाज की महिलाओं ने मिलकर होली मिलन समारोह आयोजित किया। साथ ही आगामी 30 मार्च को हिंदू नववर्ष को हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने पर भी चर्चा किया गया। सर्व ब्राह्मण समाज की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नीलम मिश्रा ने बताया कि सर्वप्रथम समाज की महिलाओं ने मिलकर भगवान श्रीराम के चरणों में गुलाल अर्पित कर तथा पूजा अर्चना कर होली मिलन के कार्यक्रम की। ततपश्चात एक दूसरे को टीका लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान नव वर्ष मनाने रणनीति तय की गई। नीलम मिश्रा ने बताया सनातन धर्म अनुसार आगामी 30 मार्च विक्रम संवत 2082, नवसंवत्सर,हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में सभी माताएं बहने अधिक से अधिक संख्या में 30 मार्च को मां दंतेश्वरी मंदिर के प्रांगण में 151 दीप जलाकर हिंदू नव वर्ष मनाएंगे तथा सर्व हिंदू समाज द्वारा आयोजित की स्कूटी रैली में भाग लेंगे। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज की संरक्षिका शैल दुबे ने स्वरचित कविता का वाचन किया और सभी लोगों को नववर्ष की बधाई दी। जैन ओसवाल समाज की अध्यक्ष मंजू लुंक्कड ने इस आयोजन को भव्य तरीक़े से मनाने समस्त मातृशक्तियों को अधिक से अधिक संख्या में आने का आह्वान किया। माहेश्वरी समाज की महिला अध्यक्ष आशा डोडिया ने भी अपने उद्बोधनमें कहा कि सत्य सनातन की जय हमारे समाज की सभी महिलाएं भगवा रंग के वस्त्र धारण कर हिंदू नव वर्ष के आयोजन में सम्मिलित रहेंगे। विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति की संयोजिका हेमा गुरूवारा ने नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए 2 अप्रैल को शांतिनगर स्थित श्री दुर्गा मन्दिर से माता की चुनरी यात्रा में सम्मिलित होने का आह्वान किया।

## पीएम आवास योजना से बदली बुधरी की जिंदगी

**सुकमा।** माओवाद प्रभावित विखं कोन्टा की ग्राम पंचायत बगड़ेगुड़ा, जो चारों ओर से पहाड़ों और पथरीली चट्टानों से घिरी हुई है। यहाँ शासन प्रशासन के प्रयासों से निरंतर आवास निर्माण सहित बुनियादी सुविधाओं का विकास कार्य किया जा रहा है। गाँव की मड़कम बुधरी, जिनके पति स्व. भीमा का पहले ही देहांत हो चुका था, अपने परिवार के साथ अत्यंत दयनीय स्थिति में जीवन व्यतीत कर रही थीं। उन्होंने बताया कि उनका घर जंगली बांस, खपरैल और घास-फूस से बना हुआ था, जो बरसात के दिनों में बड़ी परेशानी का सबब बनता था। इसके अलावा, जहरीले कीड़े-मकोड़े का भी खतरा हमेशा बना रहता था। आँधी-तूफान में उनके झोपड़ी की छत उड़ जाती थी, और हर साल मरम्मत कराना पड़ता था। सरकार की महत्वाकांक्षी नियद नेल्ला नार योजना के तहत वर्ष 2024-25 में बगड़ेगुड़ा गाँव को चयनित किया गया। जहां प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पात्रता मानकों को पूरा करने वाले हितग्राहियों को पक्के मकान का लाभ दिया जा रहा है। वहीं मड़कम बुधरी को भी इस योजना का लाभ प्राप्त हुआ और उनके आवास निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। जैसे ही योजना के तहत मकान निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई, मड़कम बुधरी और उनके परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। आज, उनका वर्षों पुराना सपना साकार हो चुका है। उनके पुराने कच्चे मकान की जगह अब एक मजबूत, सुरक्षित और सुविधाजनक पक्का मकान खड़ा है।

# किसान संगोष्ठी व पशु प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर



ग्राम बड़े आमाबाल विखं बस्तर में दाउ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय की ओर पशुधन विकास विभाग बस्तर के सहयोग एक दिवसीय किसान संगोष्ठी एवं पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आयोजन में नव निर्वाचित जिपं अध्यक्ष वेदवती कश्यप मुख्य अतिथि एवं जिपं सदस्य निर्देश दिवान विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनपद सदस्य रायधर दिवान एवं ग्राम पंचायत बड़े आमाबाल की सरपंच बदली कश्यप भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के लगभग 300 आदिवासी किसानों एवं पशु पालकों को कृषि एवं पशुपालन की बारीकियों के बारे में चर्चा करना एवं जानकारी साझा करना था। आयोजन पालीटेक्निक कालेज जगदलपुर के छात्र छात्राओं ने भाग लिया एवं कृषि विभाग, पशु पालन विभाग एवं पालीटेक्निक कालेज की ओर से प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। प्रदर्शनी में पशुओं से संबंधित औषधियों का भी वितरण किया गया। किसान संगोष्ठी में ग्राम सालेमेटा ,मुरकुची एवं विश्रामपुरी से लेकर ग्राम घोटिया तक लगभग 20 गांव के पशुपालक एवं किसान भाइयों ने भाग लिया। दाउ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग से आए विषय विशेषज्ञों ने पशु पालन की तकनीकी में सुधार करने पर जोर दिया। पशु पालकों द्वारा पशु प्रदर्शनी में गौवंश, भैषवंश, उन्नत नस्ल बाछा बाछी, उन्नत नस्ल बकरा बकरी एवं कुक्कुट प्रजाति के पशु पक्षियों को सम्मिलित किया गया जिसमें पशु चिकित्सको की चार सदस्यीय मुल्यांकन समिति ने प्रत्येक वर्ग में प्रथम दुतीय एवं तृतीय स्थान के लिए पशु पक्षियों का चयन किया, जिन्हें आयोजन में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

प्रदर्शनी में शामिल शेष पशु मालिकों को सभी वर्गो के लिए सांत्वाना पुरूस्कार भी वितरित किया गया। मुल्यांकन समिति में सिनियर डाक्टर के. के. देव, डाक्टर मुकेश शर्मा, डाक्टर अभिषेक तिर्की एवं डाक्टर ईशांत तारम ने अपना योगदान दिया।

डाक्टर उज्वला महिपाल ने अवगत कराया कि लगभग 356 पशु पालकों ने पंजीयन कराया एवं कार्यक्रम में शामिल होकर जानकारी प्राप्त किया।

डाक्टर गोवर्धन नेताम ने उपस्थित पशुपालकों को पशुओं में लगने वाले रोग प्रतिबंधात्मक टीकाकरण के बारे में जानकारी दिया। डाक्टर देवेश मेश्राम ने मादा पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान की तकनीक एवं लाभ के बारे में जानकारी दिया। डाक्टर उज्वला महिपाल ने पशुओं में प्राकृतिक मृत्यु होने पर राजस्व पुस्तक परिपत्र अनुसार मिलने वाले पशु हानि के मुआवजा पर विस्तृत जानकारी दी।

आयोजन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डाक्टर पंचरतन सिह नेगी ने मंच संचालन करते हुए उपस्थित पशुपालकों एवं किसानों को मैदानी सरकारी कर्मचारियों एवं अधिकारियों से संपर्क बनाए रखने एवं सरकारी योजनाओं से होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

श्रीमती शारदा कश्यप वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी ने कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया।

किसान संगोष्ठी सह पशु प्रदर्शनी के सफल आयोजन के में पशुधन विकास विभाग बस्तर से वरिष्ठ पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी श्री पी एस ध्रुव, श्री योगेश बघेल, श्री दासरथी बघेल , श्री संतोष नाग , श्री पंचम राम मौर्य एवं समस्त विकासखण्ड स्तरीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों ने अपना अभुतपूर्व योगदान दिया।

आयोजन में शामिल अतिथियों ने कार्यक्रम की सफलता के लिए बहुत बहुत बधाईयां दी। दाउ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय से उपस्थित विषय विशेषज्ञों में डाक्टर शुभाष वर्मा, सहायक प्राध्यापक पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा, दुर्ग, डाक्टर अमित कुमार गुप्ता, पशु विस्तार अधिकारी, निदेशालय विस्तार विज्ञान, डाक्टर यशवन्त अटभैया तकनीकी सहायक, निदेशालय अनुसंधान सेवाएं, डाक्टर नितेश कुम्भकार प्राचार्य वेटनरी पालीटेक्निक कालेज जगदलपुर, डाक्टर राजेश सुधाकर वाकचौरे सहायक प्राध्यापक, वेटनरी पालीटेक्निक कालेज जगदलपुर, श्री सुरेश कुमार बर्वे सहायक ग्रेड वन, श्री अमन कश्यप, श्री किरण कुमार वेटनरी पालीटेक्निक कालेज जगदलपुर उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### विधायक निधि से 1.67 करोड़ रूपए स्वीकृति



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोदल, भानुप्रतापपुर, चारामा के विभिन्न ग्रामों में विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने विधायक निधि से 1 करोड 67 लाख 20000 रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। जनसंपर्क, भ्रमण दौरा एवं अन्य प्रवास के दौरान ग्रामीण, जनप्रतिनिधियों, सरपंच, ग्रामवासियों के द्वारा मांग पत्र भानुप्रतापपुर क्षेत्र के विधायक को मिले, जिस पर विधायक ने विधानसभा क्षेत्र भानुप्रतापपुर के अंतर्गत दुर्गूकोंदल, चारामा, भानुप्रतापपुर में अपने विधायक निधि से कुल 1 करोड़ 67 लाख 20 हजार रूपएं स्वीकृति प्रदान किया। अनुशंसा पर कलेक्टर के द्वारा स्वीकृति दी गई है। विधानसभा क्षेत्र भानुप्रतापपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन, देलगुडी, रंगमंच एवं अन्य कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। विकासखंड दुर्गूकोंदल में 51 लाख रुपएं, भानुप्रतापपुर में 58 लाख रुपएं एवं चारामा विकासखंड में 58 लाख 20 हजार रूपएं की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### गांधी शाला के 4 छात्र-छात्राओं का जवाहर नवोदय में चयन



**बासनवाही।** सरोना तहसील अंतर्गत ग्राम कोटलभट्टी के गांधी विद्या मंदिर विद्यालय से कक्षा पांचवीं में अध्यापन कर रहे डिकेश कुंजाम पिता महेंद्र कुंजाम, विवान नागवंशी पिता मोहन नागवंशी, मानवी नेताम पिता नरसिंह नेताम, प्राची यादव पिता सुरेन्द्र यादव का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा छठवीं के लिए चयन हुआ। छात्र छात्राओं ने सफलता का श्रेय अपने प्रधानाचार्य जेएस नेताम, माता-पिता और विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिया है।

### जर्जर आंबा की मरम्मत करवाने दिया अश्वासन



**दुर्गूकोंदल।** नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष दुर्गूकोंदल द्वारा प्रभार मिलते ही ग्राम पंचायत कर्रामाड़ के आश्रित ग्राम मुंगरपारा में जर्जर आंगनबाड़ी भवन पहुंचे और औपचारिक निरीक्षण किया। ग्रामवासी द्वारा आंगनबाड़ी भवन को जल्द से जल्द बनाने की मांग की गईं। जनपद अध्यक्ष दुर्गुकोंदल गोपी बढ़ाई द्वारा जल्द से जल्द मरमत करवाने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान गायता रमेश कल्लो, कोटवार आनंद मानिकपुरी, नरेंद्र जैन, मानक राम, रूपेश बढ़ाई व अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहें।

### महा गृह प्रवेश समारोह चांऊरगांव में होगा

**दुर्गूकोंदल।** चैत्र प्रतिपदा के शुभ अवसर पर 30 मार्च को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत सम्पूर्ण राज्य में सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में प्रधानन मंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में राज्य भर में 3 लाख पूर्ण आवासों के हितग्राहियों का सामूहिक गृह प्रवेश कराया जाऐगा। जनपद सीईओ ने बताया कि विकासखण्ड दुगूकोंदल के 44 ग्राम पंचायतों में 472 पूर्ण आवासों के हितग्राहियों एवं ग्राम पंचायत चांउरगांव में विकासखण्ड स्तरीय पूर्ण आवासों के हितग्राहियों के घरों में जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति में पारंपरिक रीति रिवाज से सामूहिक गृह प्रवेश कराया जाएगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, कैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**निरीक्षण : परवी के निर्माणाधीन पुल का जायजा लिया, गुणवत्तापूर्ण निर्माण के दिए निर्देश**

# विकास कार्यों और शासकीय कार्यालयों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले के भानुप्रतापपुर और दुर्गूकोंदल क्षेत्र के सुदूर वनांचल का कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने सघन दौरा कर वहां चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण व अवलोकन किया। इसके साथ ही जिला प्रशासन की विशेष पहल पर मावा मोदोल और पूना पर्रियान का अवलोकन किया। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न शासकीय कार्यालयों व पुल-पुलिया निर्माण कार्य का भी निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उनके साथ जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी भी रहे।

- भानुप्रतापपुर के कोरर में प्रस्तावित नवीन लाइब्रेरी भवन का अवलोकन किया

कलेक्टर 28 मार्च की सुबह 11 बजे भानुप्रतापपुर के कोरर में प्रस्तावित नवीन लाईब्रेरी भवन का अवलोकन किया, जहां पर उन्होंने भवन के रंगरोगन एवं साफ सफाई का कार्य पूर्ण कर जल्द से जल्द से लाईब्रेरी प्रारंभ करने के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ को दिए। इसके पश्चात उन्होंने कोरर के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 04 का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने नौनिहाल बच्चों से रूबरू होकर उनसे कविताएं व गीत सुनीं तथा सभी बच्चों को चॉकलेट वितरित किया। इसी तरह भानुप्रतापपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 05 में भी जाकर छोटे बच्चों के साथ समय बिताया। उप तहसील कोरर और तहसील कार्यालय भानुप्रतापपुर का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने तहसील में अविवादित नामांतरण, बटवारा, फौती, बी-1, नक्शा, खसरा, सीमांकन आदि राजस्व प्रकरणों की प्रगति की जानकारी ली तथा समय पर निपटारा करने के निर्देश एसडीएम भानुप्रतापपुर जीडी वाहिले और तहसीलदार को दिए। भानुप्रतापपुर में सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की अच्छी स्थिति पर सराहना भी की। इसके अलावा उन्होंने तहसील परिसर में स्थित लोक सेवा केन्द्र, उप कोषालय सहित अभिलेख कक्ष, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार कोर्ट रूम व कानूनगो, नाजिर कक्ष आदि का निरीक्षण कर पुराने एवं अनुपयोगी अभिलेखों का नियमानुसार अपलेखन करने और सभी मातहत कर्मचारियों को समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम मुल्ला के मेला मैदान प्रस्तावित हैलीपेड निर्माण कार्य का भी मौके पर जाकर संक्षिप्त अवलोकन किया।



**मावा मोदोल और पूना पर्रियान की गतिविधियों से अवगत हुए कलेक्टर**

भानुप्रतापपुर प्रवास के दौरान कलेक्टर ने ग्राम चौगेल के समीप विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के लिए शारीरिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक-युवतियों से मुलाकात की तथा उनकी मांग के अनुकूल आवश्यक सुविधाएं जल्द विकसित करने की बात कहीं। तदुपरांत जिला प्रशासन की विशेष पहल पर मावा मोदोल के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे परीक्षार्थियों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अत्याधुनिक सुसज्जित लाईब्रेरी, ई-क्लास तथा प्रोजेक्टर के माध्यम से कराई जा रही आनलाईन तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने प्रतिभागी युवक-युवतियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाने के लिए कड़ी मेहनत करें और अपने लक्ष्य को हासिल करने पूरी शिद्दत से जुट जाएं तो सफलता अवश्य मिलेगी। कलेक्टर ने लाईब्रेरी में रखीं गई उत्कृष्ट और सुसंगत किताबों का सतत पढ़ाई करने की बात भी कही। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ श्री मंडावी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अशोक पटेल व मावा मोदोल के फैकल्टी मौजूद थे।

**एकलव्य आवासीय विद्यालय के निर्माणाधीन भवन का लिया जायजा**

*कलेक्टर ने दुर्गूकोंदल में निर्माणाधीन छात्रावास भवनों का निरीक्षण कर पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। तत्पश्चात वे ग्राम हानपतरी-भण्डारडिगी के समीप 280 सीटर संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के निर्माणाधीन भवन का अवलोकन व निरीक्षण किया। 38 करोड़ रूपए की कुल से बनाए जा रहे भवन का निर्माण एनपीसीसी नामक एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। इसके प्रथम चरण का निर्माण पूर्णता की ओर है, जबकि द्वितीय चरण का निर्माण प्रगतिरत है। इस दौरान कलेक्टर ने वर्तमान में दुर्गूकोंदल में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर बच्चों व शिक्षकों से भेंट कर चर्चा की।*



**परवी-भुरका-खड़का मार्ग पर पुल का किया निरीक्षण**

कलेक्टर ने प्रवास के दौरान आज भानुप्रतापपुर के भुरकानाला पर परवी-भुरका-खड़का पर 60 मीटर लंबाई वाले निर्माणाधीन पुल का अवलोकन व निरीक्षण किया। इस दौरान पुल पर ढ़लाई का काम चल रहा था, जिस पर कलेक्टर ने पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्माण कराने के निर्देश प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता को दिए। उल्लेखनीय है कि जिला निर्माण समिति मद से 02 करोड़ 23 लाख 63 हजार रूपए की लागत से उक्त पुल का निर्माण किया जा रहा है, जिससे आस-पास के गांव वालों को बड़ी राहत मिलेगी। उक्त नाले की वजह से उन्हें ब्लॉक मुख्यालय जाने के लिए 30 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती थी। अब इसके निर्माण हो जाने से सिर्फ 14 किलोमीटर में ही गंतव्य तक पहुंचा जा सकेगा।

# कलेक्टर ने नवोदय में चयनित दुर्गूकोंदल ब्लाक के 21 विद्यार्थियों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर





विकासखंड दुर्गूकोंदल के 21 विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय की कक्षा छठवीं में होने पर कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी 28 मार्च को दुर्गूकोंदल प्रवास के दौरान चयनित बच्चों से मुलाकात कर उन्हें अपने हाथों से मिठाई खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दीं। साथ ही प्रवेश परीक्षा के लिए सतत मार्गदर्शन देने वाले शिक्षकों की सराहना भी किया।

कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि दूरस्थ क्षेत्र से ग्रामीण कोटे के 60 सीटो में से एक तिहाई विद्यार्थियों का चयन एक ही विकासखंड से होना ऐतिहासिक उपलब्धि है। इन्हें प्रवेश परीक्षा के लिए सतत प्रयास करने और मार्गदर्शन देने वाले कर्मठ शिक्षकों और पालकों ने भी अहम भूमिका निभाई है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। गौरतलब है कि विकासखंड दुर्गूकोंदल से प्रा. शाला साधुमिचगांव के विद्यार्थी रोशन नाग और वासनी यादव, मिनोज कुमार और अरुणा कुमेटी, प्रा शाला आंधेवाड़ा से ओमेश्वरी सिन्हा, प्रा शाला गोटुलमुंडा से मेघा मंडावी और विमल दर्रो,, प्रा शाला तराईघोटिया से मलिका शोरी, परमेश्वर बघेल, मोनिका कचलाम, प्रा. शाला पाल्हर से नंदनी नंदेश्वर, प्रा शाला गुरुवंडी से कुंदन कोवाची, प्रा. शाला सोनादेई से पूर्विता दोहरी, प्रा शाला चिखली से चिराग रावटे, प्रा शाला आमागुहान से तनिश शोरी, आर्यन मंडावी और युगल देहारी, प्रा शाला मोखा से चिंकू महावे तथा प्रा शाला गुलालबोड़ी से नवीन कुमार ध्रुव, प्रा शाला मोहगांव से हेमंत कुमार शामिल हैं। ज्ञात हो कि नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सफलता के मामले में जिले में दुर्गूकोंदल ब्लॉक ने सभी विकासखंडो में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह सभी चयनित विद्यार्थी अब नवोदय विद्यालय करप में कक्षा छठवीं में शिक्षा प्राप्त करेंगे।

# छग शिक्षक संघ की प्राचार्य पदोन्नति को लेकर हुई बैठक, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ की प्राचार्य पदोन्नति के मामले में आकस्मिक बैठक 27 मार्च को प्रांतीय कार्यालय बैरन बाजार रायपुर के संगठन भवन में हुई, जिसमें प्राचार्य पदोन्नति में लोक सेवा आयोग द्वारा डीपीसी होने के बाद भी प्रशासन की ओर से हो रही लेट लतीफी, सभी स्तर के समयमान वेतनमान, सोना साहू प्रकरण में संगठन का दृष्टिकोण, बर्खास्त बीएड शिक्षक, नव नियुक्त डीएड शिक्षक व अन्य बिंदुओं के साथ संगठन ने प्राचार्य पदोन्नति में विलंब किए जाने पर शासन का ध्यान आकर्षण कराने के लिए अन्य सक्षम उपायों के बारे में संभावना पर चर्चा किया।

- शिक्षक संघ की बैठक में प्राचार्य पदोन्नति समेत अन्य मुद्दों पर किया विचार-विमर्श

शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष टिकेश ठाकुर ने बताया कि बैठक के बाद प्रतिनिधि मंडल के रूप में लोक शिक्षण संचालनालय कार्यालय में संगठन ने उप संचालक आशुतोष चावरे से बातचीत किया गया। संगठन ने मुखर रूप में प्राचार्य पदोन्नति मामले में हाल ही में उच्च न्यायालय में विभाग द्वारा विभागीय पक्ष मजबूती से नहीं रखने के कारण 16 अप्रैल तक स्थगन दिए जाने पर तीव्र आक्रोश जाहिर किया, जबकि ऐसी ही समरूप याचिका को उच्च न्यायालय की युगल खंडपीठ द्वारा खारिज किया जा चुका है, जिन्हें न्यायालय में अवगत नहीं कराया गया। शासन की प्राथमिकता में शिक्षा की गुणवत्ता कायम करना है। पूरे प्रदेश में 3200 से अधिक प्राचार्य के पद रिक्त है। 13 वर्षों से पदोन्नति नहीं हुई है, सैकड़ों पात्र शिक्षक प्रतिमाह प्राचार्य पदोन्नति की राह ताकते सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे शासन का ध्येय वाक्य है, इसे चरितार्थ करने की जिम्मेदारी से शिक्षा विभाग मुंह नहीं मोड़ सकता। पूरे प्रदेश के शिक्षकों में गहनतम आक्रोश है। उप संचालक ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि 16 अप्रैल को उच्च न्यायालय में शिक्षा विभाग पूरी दमदारी, पूरे तथ्यों और आंकड़ों के साथ भर्ती पदोन्नति नियम के प्रावधानों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करेगा। शासन अप्रैल में ही प्राचार्य पदोन्नति जारी करने के लिए प्रतिबद्ध है। पूरी औपचारिकताएं पूर्ण की जा रही है। अप्रैल में ही प्राचार्य पदोन्नति जारी कर दी जाएगी। पदस्थापना के मामले में संगठन को अवगत कराया गया कि पदोन्नति पश्चात प्राचार्य पदस्थापन ओपन काउंसलिंग से किए जाने की संभावना है, जिसमें एक वर्ष के अंदर सेवानिवृत्त के करीब तथा दिव्यांग शिक्षकों को प्राथमिकता क्रम में रखे जाऐंगे ताकि पक्षपात की आशंका समाप्त की जा सके। संगठन ने इसका समर्थन भी किया। इसके अतिरिक्त समयमान वेतनमान के प्रस्ताव के लिए सभी संयुक्त संचालकों, जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजने की बात पर सहमति हुई।

बैठक में सह प्रतिनिधि मंडल में मनोज कुमार राय, उमेश भारती गोस्वामी, वाईके दिल्लीवार, गया राम राजवाड़े, कोषाध्यक्ष, टेक राम सेन, अशोक कुमार गुप्ता, भुवन सिन्हा, टिकेश ठाकुर, अर्जुन राम तारम, मनीष देवांगन, सुनील नायक व अन्य लोग उपस्थित रहें।

## 500 में सिलेंडर मिलेगा या सिर्फ चुनावी जुमला था : तरुणा

**जगदलपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 मार्च को छत्तीसगढ़ प्रवास पर स्वागत करते हुए कहा है कि मोदी और छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार को अपने संकल्प पत्र के वादे कब पूरा करेगी। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा है कि भाजपा ने 2024 में अपने संकल्प पत्र में घोषणाएं की थी, जिसमें महिलाओं को 500 रूपये में गैस सिलिंडर देने कहा था, जो कि हर बार की तरह जुमला ही निकला और उसने छत्तीसगढ़ की महिलाओं को सिर्फ ठगने का काम ही किया है। इसके अलावा भाजपा ने संकल्प पत्र में फ्री बिजली,प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ नए घर बनाने,घरों में सस्ती पाइपलाइन गैस उपलब्ध कराने की बात कही थी।

# मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना जनहित में महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा



प्रदेश सरकार द्वारा 6 साल बाद मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा योजना का पुनः शुभारंभ करना हम सभी प्रदेशवासियों के लिए ऐतिहासिक निर्णय है।

नगर पंचायत चारामा के पूर्व अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन ने इसे गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश के विभिन्न तीर्थ स्थलों का निःशुल्क यात्रा से हर समाज गरीब और बुजुर्ग जिनकी इच्छा अधूरी रह जाती थी उनको अब योजना से लाभ मिलेगा। योजना में विधवा और परित्यक्त महिलाओं को भी शामिल किया गया है, ताकि ऐसे लोगो को तीर्थ दर्शन यात्रा का सपना साकार हो सके और उन्हें धार्मिक स्थलों का दर्शन का गौरव प्राप्त हो सकेगा। यह केवल तीर्थ दर्शन यात्रा नही, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक आस्था का प्रतीक है। प्रदेश सरकार ने श्रद्धालुओं के लिए पूर्ण सुविधायुक्त पैकेज, जिसमे ट्रेन यात्रा, यात्रियों के ठहरने, भोजन, मंदिर दर्शन, सुरक्षा और चिकित्सा जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं शामिल हैं। प्रदेश के विष्णुदेव की सरकार हर समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए पूरी तरह समर्पित है और इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इस संवेदन सरकार की योजनाओं से आमजन में काफी उत्साह है और सरकार के प्रति सहानुभूति है।

# मर्यादा का का उल्लंघन कभी नहीं करनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा



राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय संगीतमय भव्य मानसगान महा सम्मेलन के दूसरे दिन मंच को महकाने क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। मंच पर जय माँ विध्यवासिनी महिला मानस मंडली गोकुलपुर धमतरी मंचन हुआ, जिन्होंने अपने संगीत से समाबांधे रखा। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि प्रभु श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया है, जिन्होंने मर्यादा में ही रहकर अपने जीवन व्यतीत किया। मनुष्य को भी अपनी मर्यादा की सीमा नही लांघना है। तभी हम एक आदर्श परिवार और समाज की स्थापना कर पऐंगे। इस अवसर पर पूर्व गौ सेवा आयोग नरेन्द्र यादव, जीवन ठाकुर, रामजी पोया, हिरवेन्द साहू, ईश्वर ठाकुर, चेतन पोया, शोपसिंग नेताम, गिरवर पोया, शीतल बघेल, झाड़ूराम नेवेन्द्र, अवध ठाकुर, महेश मरकाम, नमिता ठाकुर, गरिमा रावटे, सुरेश सिन्हा, डेमल ठाकुर व अन्य लोग उपस्थित रहें।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 12 मई,16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport